an>

Title: Issue regarding problems caused due to call droping and poor mobile network in Balrampur and Shravasti Parliamentary Constituency.

श्री दहन मिश्रा (श्रावस्ती) : माननीय अध्यक्ष जी, संचार मंत्री जी और प्रधानमंत्री जी कॉल ड्रापिंग के बारे में कई बार गंभीर चिंता व्यक्त कर चुके हैं। इसके बावजूद हमारे संसदीय क्षेत्र बलरामपुर और श्रावस्ती पिछड़े जनपदों में शुमार हैं। यह क्षेत्र नेपाल की सीमा से लगा हुआ है, सिद्धार्थनगर भी उसी में सम्मिलित है। नेटवर्क और कॉल ड्रापिंग की समस्या को देखते हुए बीएसएनएल के उपभोक्ता लगातार दूसरी कंपनियों की तरफ आकर्षित होने क लिए विवश हैं। ऐसी स्थिति में उपभोक्ताओं को बीएसएनएल से पलायन को रोकने के लिए मैं संचार मंत्रालय, भारत सरकार से मांग करता हूं।

माननीय अध्यक्ष:

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

श्री जगदम्बिका पाल को श्री दहन मिश्रा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।